रांची, सोमवार, 28 नवंबर 2011 सन्मार्ग

हेमंत बने सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट्स के मुख्य संरक्षक

वरीय संवाददाता

रांची : भू-वैज्ञानिकों की संस्था सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट्स, झारखंड की वार्षिक आमसभा रविवार को श्यामली कॉलोनी स्थित इस्पात क्लब में हुई। इसमें राज्य के भू-वैज्ञानिकों ने भाग लिया। सभा में भू-विज्ञान और भू-भौतिकी से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सोसाइटी के महासचिव डॉ. अनल सिन्हा ने गत वर्षों की गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष डॉ. एस भट्ट ने सोसाइटी का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आमसभा में सर्वसम्मति से डिप्टी सीएम हेमंत सोरेन को मुख्य संरक्षक तथा टाटा स्टील के टी सुरेश कुमार व रुंगटा ग्रुप के नंदलाल रुंगटा को संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई, सीसीएल, मेकॉन, जीएसआई, सीजीडब्ल्यूबी, टाटा स्टील, अभिजीत ग्रुप, आर्सेलर मित्तल, बीआईटी व रांची विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रवीणकांत शरण ने किया।

हिन्दुस्तान 4

• रांची • सोमवार • 28 नवंबर 2011

सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट झारखंड की वार्षिक आमसभा में रिपोर्ट पेश किया गया।

जियोसाइंटिस्ट की वार्षिक आमसभा संपन्न

रांची। सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट झारखंड की वार्षिक आमसभा रविवार को संपन्न हुई। बैठक में राज्यभर के जियोसाइंटिस्ट शामिल हुए। सोसाइटी के महासचिव डॉ अनल सिन्हा ने पिछले वर्ष के क्रिया-कलापों का ब्योरा प्रस्तुत किया। वहीं सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ एस भट्ट ने वार्षिक लेन देन की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। इस अवसर पर सोसाइटी की आजीवन सदस्यता की शुरुआत की गई। आमसभा में सीएमपीडीआई, सीसीएल, मैकन, जीएसआई, सीजीडब्लूबी, टाटा स्टील, अभिजित ग्रुप, आर्सेलर मित्तल, बीआइटी, रांची विवि सहित अन्य संस्थानों के भूवैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सोसाइटी के उप महासचिव प्रवीण कांत शरण ने अगले माह वार्षिक पिकनिक की घोषणा की।